दक्ष®

# उत्तर प्रदेश पुलिस

# कॉन्स्टेबल

2024

No. 1

## 10 सॉल्वड पेपर्स


1500
परीक्षा उपयोगी अति
महत्त्वपूर्ण प्रश्न

### सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित

- 27 January 2019 – प्रथम पाली
- 27 January 2019 – द्वितीय पाली
- 26 October 2018 – प्रथम पाली
- 26 October 2018 – द्वितीय पाली
- 25 October 2018
- 19 June 2018
- 18 June 2018 – प्रथम पाली
- 18 June 2018 – द्वितीय पाली
- 20 December 2020 – जेल वार्डर
- 20 December 2020 – जेल वार्डर

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

प्रकाशक :
**परितोष वर्धन जैन**
**कॉलेज बुक सेन्टर**
A-19, सेठी कॉलोनी,
जयपुर-302 004




© सर्वाधिकार
प्रकाशकाधीन

| विषय | प्रश्न संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान | **38** | **76** |
| आंकिक क्षमता | **38** | **76** |
| मानसिक क्षमता, मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता | **37** | **74** |
| सामान्य हिन्दी | **37** | **74** |
| **योग** | **150** | **300** |

UP Police Constable Syllabus 2023 यूपी पुलिस कांस्टेबल का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षण (PST) और शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) के आधार पर किया जाएगा। यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल सिलेबस UPPRPB द्वारा डिजाइन किया गया है। यूपी पुलिस कांस्टेबल परीक्षा ऑफ लाइन होगी। यूपी पुलिस लिखित परीक्षा का स्तर 10वीं कक्षा पर आधारित होगा। प्रत्येक प्रश्न MCQ प्रकार का होगा और पेपर का माध्यम हिन्दी और अंग्रेजी होगा। यूपी पुलिस की परीक्षा में कुल 150 प्रश्न होंगे जिन्हें केवल 120 मिनट में हल करना है। कुल 300 अंक होंगे, यानी प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए -1/4 अंक काटे जाएंगे। UP पुलिस सिलेबस के विषय हैं - सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, संख्यात्मक, मानसिक योग्यता, बुद्धिमत्ता (IQ) एवं तर्क क्षमता।

लेजर टाईपसैटिंग :
पूजा एण्टरप्राईजेज़
जयपुर

मुद्रक :
के.डी. प्रिन्टर्स
जयपुर।

**Code No.: D-734**

- प्रकाशक की अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश का किसी भी प्रणाली के सहारे पुन:उत्पत्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके (इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, डिजिटल, वेब) के माध्यम से अथवा इस पुस्तक का नाम, टाईटल, चित्र, रेखाचित्र, नक्शे, डिजाईन, कवर डिजाईन, सैटिंग, शिक्षण-सामग्री, विषय-वस्तु, पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी भाषा में हूबहू या तोड़-मरोड़ कर या अदल-बदल कर प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है। इस पुस्तक के प्रतिलिप्याधिकार प्रकाशक के पास सुरक्षित हैं।
- पुस्तक का कम्पोजिंग कार्य कम्प्यूटर द्वारा कराया गया है। पुस्तक के लेखन व प्रकाशन कार्य में लेखक, प्रूफ रीडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरतने के बावजूद भी अधूरी या पुरानी जानकारी का होना/कुछ ग़लतियों/कमियों का रह जाना मानवीय भूलवश सम्भव है, जिसके लिए पुस्तक प्रकाशन से जुड़े मुद्रक, लेखक एवं प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होंगे। पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
- सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर (राज.) होगा।

### उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल

## परीक्षा हेतु गत वर्षों में आये हुये

# प्रश्नों का अध्यायवार समावेश एवं पाई-चार्ट

| अध्याय | 27-1-2019 Shift-1 | 27-1-2019 Shift-2 | 26-10-2018 Shift-1 | 26-10-2018 Shift-2 | 25-10-2018 Shift-1 | 19-6-2018 | 18-6-2018 Shift-1 | 18-6-2018 Shift-8 | 20-12-2020 Shift-1 | 20-12-2020 Shift-2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| [A] - सामान्य ज्ञान | | | | | | | | | | |
| सामान्य विज्ञान | 6 | 5 | 5 | 4 | 5 | 2 | 3 | 2 | 3 | 3 |
| भारत का इतिहास | 4 | 2 | — | 1 | 1 | 1 | 4 | 2 | 2 | 1 |
| भारतीय संविधान | 1 | 2 | 5 | 5 | 6 | 3 | 4 | — | 2 | 2 |
| भारतीय अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति | 1 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | 1 | 2 | 3 |
| भारतीय कृषि, वाणिज्य व व्यापार | 2 | 2 | 5 | 1 | 1 | 2 | — | 4 | 4 | — |
| जनसंख्या एवं नगरीकरण | — | 1 | — | 1 | — | — | 1 | 2 | — | — |
| भारत व विश्व भूगोल | 4 | 2 | 1 | 2 | 2 | 6 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| उत्तर प्रदेश कला एवं संस्कृति | 5 | 7 | 6 | 8 | 6 | 10 | 8 | 10 | 3 | 4 |
| उत्तर प्रदेश में राजस्व | 1 | — | 1 | — | — | — | — | — | — | 2 |
| पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था | 2 | 1 | — | — | — | — | — | — | 5 | 3 |
| मानवाधिकार | — | — | — | — | 1 | — | 1 | — | 1 | 3 |
| आंतरिक सुरक्षा व आतंकवाद | — | 1 | — | — | 1 | — | — | — | — | — |
| भारत व पड़ोसी देश | — | — | — | — | 1 | — | 1 | 1 | 2 | 4 |
| राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समसामयिकी | 5 | 4 | 8 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 | 6 | 1 |
| राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन | 1 | 1 | — | — | 1 | — | — | — | — | 1 |
| विमुद्रीकरण एवं प्रभाव | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| साइबर क्राइम | 1 | — | — | — | — | — | 1 | — | — | — |
| वस्तु एवं सेवाकर | 1 | — | 1 | 1 | 1 | — | — | 2 | 1 | — |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 2 | — | — | — | 1 | — | — | — | 1 | 2 |
| देश/राजधानी/मुद्रा | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 |
| महत्वपूर्ण दिवस | — | 2 | — | — | 1 | 2 | — | 1 | 1 | — |
| अनुसंधान एवं खोज | 1 | 1 | 1 | 1 | — | 1 | 1 | — | — | — |
| पुस्तकें एवं लेखक | 3 | — | 1 | 1 | — | 2 | 2 | 5 | — | 3 |
| सोशल मीडिया एवं कम्युनिकेशन | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | — | 1 | 1 | 2 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **[B] - आंकिक क्षमता** | | | | | | | | | | |
| संख्या पद्धति | 3 | 3 | — | 1 | 2 | 2 | — | — | 1 | 2 |
| ल.स.प. एवं म.स.प. | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | — | 2 |
| अनुपात एवं समानुपात | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | — | — |
| प्रतिशतता | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | — | — |
| लाभ–हानि | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | — | — |
| चक्रवृद्धि ब्याज | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | — |
| साझेदारी एवं औसत | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| समय, कार्य एवं दूरी | 3 | 4 | 4 | 5 | 4 | 4 | 4 | 4 | 2 | 1 |
| क्षेत्रमिति | 2 | 1 | — | — | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| वर्ग–वर्गमूल | 1 | — | 1 | — | — | — | 1 | 1 | — | 1 |
| समंकों का विश्लेषण | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | — | — | — | 1 | — |
| बीजगणित | — | 1 | — | — | — | — | — | — | — | 1 |
| साधारण ब्याज | — | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | 1 |
| सरलीकरण | — | — | 1 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | — | — |
| भिन्न एवं दशमलव | — | — | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — |
| घातांक, करणी, समीकरण | — | — | — | — | — | — | — | — | 2 | 2 |
| आयु सम्बन्धी | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 2 |
| समुच्चय | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **[C] - मानसिक क्षमता, मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता** | | | | | | | | | | |
| गणितीय संक्रियाएँ | 1 | 1 | — | — | — | — | — | — | 1 | 1 |
| दिशा ज्ञान परीक्षण | 4 | 4 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 |
| सादृश्यता परीक्षण | 7 | 6 | 10 | 10 | 10 | 9 | 13 | 12 | 4 | 5 |
| कथन एवं पूर्वानुमान | — | — | — | — | — | 2 | — | 1 | 1 | 1 |
| शृंखला परीक्षण | 10 | 11 | 10 | 10 | 10 | 7 | 8 | 7 | 4 | 4 |
| शब्द रचना परीक्षण | 1 | 1 | — | — | — | — | — | — | 1 | 1 |
| कथन एवं तर्क | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | — | 3 | — | 1 | 1 |
| मानसिक अभिरुचि | — | — | — | — | — | — | — | — | 16 | 16 |
| प्रत्यक्ष ज्ञान बोध | 1 | 1 | 3 | 3 | 3 | 3 | — | 3 | 1 | 1 |
| असमान को चिह्नित करना | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 7 | 3 | 7 | 3 | 5 |
| शब्दों को क्रम में व्यवस्थित करना | — | — | — | — | — | — | — | — | 2 | 2 |
| कोडिंग–डिकोडिंग | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 8 | 4 | 4 | 3 | 3 |
| कैलेंडर एवं घड़ी | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | — | — | — | 3 | 4 |
| आकृति शृंखला | 2 | 2 | — | — | — | 2 | — | 5 | 5 | 4 |
| रक्त सम्बन्ध | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 |
| आकृति वर्गीकरण | 2 | 2 | 6 | 6 | 6 | — | 4 | 3 | 1 | — |
| कागज काटना, मोड़ना | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | — | — | 1 | 1 |
| क्रम व्यवस्था परीक्षण | — | — | 3 | 3 | 3 | — | — | — | 2 | 2 |
| पासा, घन एवं घनाभ | 1 | 1 | 1 | 3 | 3 | — | 1 | — | 1 | 1 |
| समान आकृति एवं निर्माण | 1 | 1 | — | — | — | — | — | — | 2 | 2 |
| अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | — | — | — | — | 1 |
| कथन एवं निष्कर्ष | 2 | 2 | — | — | — | 1 | — | 2 | — | — |
| वेन आरेख | 1 | 1 | — | — | — | 2 | 3 | 2 | 1 | — |
| सन्निहित आकृतियाँ | 1 | 1 | — | — | — | — | — | — | — | — |
| आकृति पूर्ति | 1 | 1 | — | — | — | 2 | — | 1 | — | — |
| आकृतियों को गिनना | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | — | — | — | — |
| दर्पण एवं जल प्रतिबिंब | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 3 | — | — | — |
| आँकड़ों की पर्याप्तता | — | — | — | 1 | 1 | 1 | 2 | — | — | — |
| न्याय संगत व निर्णायक क्षमता | 3 | 3 | — | — | — | 3 | 3 | 3 | — | — |
| आकृति सादृश्यता | — | — | — | — | — | 1 | 3 | — | — | — |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **[D] - सामान्य हिन्दी** | | | | | | | | | | |
| अपठित : गद्यांश | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| हिन्दी साहित्य : गद्य एवं पद्य | 3 | 3 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 2 | 4 | 3 |
| हिन्दी साहित्य का इतिहास | — | — | — | — | — | — | — | — | 3 | 1 |
| हिन्दी साहित्य : पुरस्कार | 1 | 1 | — | — | — | 1 | — | 2 | 3 | 4 |
| वर्ण | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | — | 1 |
| संज्ञा व सर्वनाम | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | — | — |
| विशेषण | — | 1 | 1 | 2 | 2 | — | — | 1 | — | — |
| लिंग एवं वचन | 2 | 1 | 1 | — | — | 2 | 1 | 1 | 1 | — |
| कारक | 2 | — | 2 | — | — | 1 | — | 1 | — | — |
| क्रिया एवं क्रिया–विशेषण | 2 | 4 | 3 | 5 | 4 | 2 | 4 | 1 | — | — |
| वर्तनी | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | 2 | — | — | — |
| विलोम शब्द | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | — |
| पर्यायवाची | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 4 | 2 |
| रिक्त स्थानों की पूर्ति | — | — | — | 1 | — | — | — | — | 2 | 2 |
| अनेकार्थक | 1 | 1 | — | 2 | — | 3 | — | 1 | — | 3 |
| वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द | 1 | — | 2 | — | 2 | — | — | 1 | 1 | 1 |
| अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करना | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| वाच्य एवं अव्यय | 2 | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 | 2 | 1 | 3 | 2 |
| उपसर्ग एवं प्रत्यय | 1 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 3 | 3 |
| संधि एवं समास | 2 | 5 | 5 | 5 | 4 | 4 | 5 | 5 | 5 | 3 |
| विराम चिह्न | — | 1 | 1 | 3 | — | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 |
| मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 |
| रस, छन्द एवं अलंकार | 2 | 2 | 3 | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| **कुल अंक [A+B+C+D]** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** | **150** |

# अनुक्रमणिका

अध्याय नं. अध्याय का नाम ........................................ पृष्ठ संख्या

## सॉल्वड पेपर : 2018, 2019, 2020

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 27 जनवरी, 2019 • प्रथम पाली) ........ P-1
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-1
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-5
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-7
- ❖ सामान्य हिन्दी (General Hindi) ........ P-14

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 27 जनवरी, 2019 • द्वितीय पाली)..... P-19
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-19
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-22
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-25
- ❖ सामान्य हिन्दी (General Hindi) ........ P-33

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 26 अक्टूबर, 2018 • प्रथम पाली) ..... P-38
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-38
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-42
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-44
- ❖ हिन्दी (Hindi) ........ P-50

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 26 अक्टूबर, 2018 • द्वितीय पाली) ... P-55
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-55
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-59
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-61
- ❖ सामान्य हिन्दी (General Hindi) ........ P-67

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 25 अक्टूबर, 2018) ........ P-71
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-71
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-74
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-77
- ❖ सामान्य हिन्दी (General Hindi) ........ P-83

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 19 जून, 2018) ........ P-88
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-88
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-92
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-97
- ❖ हिन्दी (Hindi) ........ P-100

U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 18 जून, 2018 • प्रथम पाली) ........ P-105
- ❖ सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ........ P-105
- ❖ हिन्दी (Hindi) ........ P-109
- ❖ आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ........ P-114
- ❖ मानसिक योग्यता (Mental Ability) ........ P-116

अध्याय नं. अध्याय का नाम ........................................................................ पृष्ठ संख्या

**U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा (सॉल्वड पेपर : 18 जून, 2018 • द्वितीय पाली) ....... P-123**
- सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ................................................ P-123
- हिन्दी (Hindi) ................................................................................ P-126
- आंकिक क्षमता (Numerical Ability) ............................................... P-129
- मानसिक योग्यता (Mental Ability) ................................................. P-132

**U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (सॉल्वड पेपर : 20 दिसम्बर, 2020 • प्रथम पाली) ...................................... P-138**
- हिन्दी .............................................................................................. P-138
- सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ................................................ P-141
- अंकगणितीय योग्यता ........................................................................ P-145
- मानसिक योग्यता (Mental Ability) ................................................. P-146
- मानसिक अभिरुचि ........................................................................... P-148
- मानसिक बुद्धिमत्ता ........................................................................... P-150
- तार्किक योग्यता ................................................................................ P-152

**U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (सॉल्वड पेपर : 20 दिसम्बर, 2020 • द्वितीय पाली) ................................... P-154**
- हिन्दी .............................................................................................. P-154
- सामान्य ज्ञान (General Knowledge) ................................................ P-158
- अंकगणितीय योग्यता ........................................................................ P-162
- मानसिक योग्यता (Mental Ability) ................................................. P-163
- मानसिक बुद्धिमत्ता ........................................................................... P-166
- तार्किक योग्यता ................................................................................ P-168

WWW.DAKSHBOOKS.COM

# 2019 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा

## (सॉल्वड पेपर : 27 जनवरी, 2019 • प्रथम पाली)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. 1658 में बहादुरपुर के युद्ध में शाहजहाँ के दूसरे बेटे शाह शुजा को शाहजहाँ के पोते .........ने हराया था।**

(A) मुराद बख्श (B) सुलेमान शिकोह
(C) आलम शाह (D) बहादुर शाह **[B]**

**व्याख्या**—बहादुरपुर का युद्ध 24 फरवरी 1658 को हुआ। यह युद्ध मुगल सम्राट शाहजहाँ के चार पुत्रों (दाराशिकोह, शाहशुजा, औरंगजेब एवं मुराद बख्श) के बीच उत्तराधिकार को तय करने में सहायक था। दाराशिकोह के पुत्र सुलेमान शिकोह ने उत्तर प्रदेश में वाराणसी के उत्तर-पूर्व में बहादुरपुर नामक स्थान पर शाहशुजा को पराजित किया।

**2. फिरोजाबाद में 200 वर्षों से भी अधिक समय से ........ का उत्पादन किया जा रहा है।**

(A) चिकनकारी का काम (B) काँच की चूड़ियाँ
(C) पीतल के ताले (D) जरदोजी कढ़ाई **[B]**

**व्याख्या**—फिरोजाबाद में 200 वर्षों से भी अधिक समय से काँच की चूड़ियों का उत्पादन किया जा रहा है। यह औद्योगिक शहर उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है, जो काँच की चूड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। आधुनिक काँच की चूड़ी निर्माण तकनीक 'हाजी रूस्तम उस्ताद' द्वारा पेश की गई थी। उन्हें फिरोजाबाद काँच उद्योग का जनक कहा जाता है।

**3. कौन-सा कथक घराना नृत्यशैली के आध्यात्मिक पहलुओं पर अधिक ध्यान देता है ?**

(A) जयपुर (B) बनारस (C) लखनऊ (D) बरेली **[C]**

**व्याख्या**—कत्थक नृत्य के मुख्य घरानों में से एक लखनऊ घराना नृत्यशैली के आध्यात्मिक पहलुओं पर अधिक ध्यान देता है, लखनऊ घराना दिल्ली घराने से निकला है। इस नृत्य कला के प्रमुख कलाकार बिंदादीन महाराज, कालिका प्रसाद, लच्छू महाराज, शंभू महाराज आदि है। लखनऊ घराने की नींव उस्ताद बख्शू खाँ ने रखी थी।

**4. हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाकाव्य रामायण में भगवान श्री राम अयोध्या के शासक थे, जो ........ की राजधानी थी।**

(A) हस्तिनापुर (B) कुरु
(C) कलिंग (D) कौशल **[D]**

**व्याख्या**—हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार महाकाव्य रामायण में भगवान श्री राम आयोध्या के शासक थे, जो कौशल की राजधानी थी। कौशन प्राचीन भारत के 16 महाजनपदों में से एक था। कौशल एक समृद्ध संस्कृति वाला साम्राज्य था, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी ओडिशा तक अवध के क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अयोध्या यू.पी. में सरयू नदी के तट पर स्थित है।

**5. किस भारतीय ने अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार जीता है?**

(A) सी. वी. रमन (B) अमर्त्य सेन
(C) कैलाश सत्यार्थी (D) हरगोबिन्द खुराना **[B]**

**व्याख्या**—अमर्त्यसेन को 1998 में कल्याणकारी अर्थशास्त्र के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। सी.वी.रमन को इनकी खोज रमन प्रभाव के लिए 1930 में भौतिक का नोबेल पुरस्कार मिला। कैलाश सत्यार्थी को 2014 में पाकिस्तान की मलाला यूसफजई के साथ शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। हरगोविन्द खुराना को 1968 में कृत्रिम जीन के संश्लेषण के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

**6. भारतीय मुक्केबाज एम. सी. मैरी कॉम द्वारा लिखित आत्मकथा का शीर्षक क्या है ?**

(A) प्लेइंग टू विन (B) अनब्रेकेबल
(C) नो होल्डिंग बैक (D) इम्परफेक्ट **[B]**

**व्याख्या**—भारतीय मुक्केबाज ए.सी. मैरीकॉम द्वारा लिखित आत्मकथा का शीर्षक अनब्रेकेबल है। अनब्रेकेबल एक अद्भुत महिला की प्रेरक कहानी है। हार्पर कॉलिन्स द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में मैरीकॉम के अथक संघर्ष और मुक्केबाजी के लिए एक असीम जुनून का वर्णन है।

**7. 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार जीता ?**

(A) बाहुबली 2: द कॉन्क्लूजन (B) सीक्रेट सुपरस्टार
(C) जॉली एलएलबी (D) हिन्दी मीडियम **[A]**

**व्याख्या**—भारतीय सिनेमा में 2017 की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित करने के लिए 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा अप्रैल 2018 में की गई। इन पुरस्कारों में बाहुबली-2 : द कॉन्क्लूजन फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार जीता।

**8. अर्थशास्त्र विज्ञान के लिए वर्ष 2018 का नोबेल पुरस्कार विलियम डी. नॉर्डहॉस और पॉल एम. रोमर को दिया गया था। ये दोनों ..........के निवासी हैं।**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) यूनाइटेड किंगडम
(C) कनाडा (D) ऑस्ट्रेलिया **[A]**

**व्याख्या**—वर्ष 2018 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों विलियम डी नॉर्दहॉस और पॉल एम. रोमर को संयुक्त रूप से इकोनॉमिक ग्रोथ पर खोज के लिए दिया गया था। विलियम डी नॉर्दहॉस को क्लाइमेंट चेंज इकोनॉमिक्स का पिता कहा जाता है। उनको मैक्रोइकोनॉमिक एनालिसिस में क्लाइमेंट चेंज के इंटीग्रेशन के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया। पॉल एम. रोमर को मेक्रोइकोनॉमिक एनालिसिस में टैक्नोलॉजी के नए इनोवेशन के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया। उल्लेखनीय है कि अर्थशास्त्र के लिए वर्ष 2022 का नोबेल

# 2019 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा

## (सॉल्वड पेपर : 27 जनवरी, 2019 • द्वितीय पाली)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. मोनोमर कैप्रोलैक्टम का किस बहुलक को प्राप्त करने के लिए बहुलीकरण किया जाता है?**

(A) टेफ्लान (B) नायलॉन 6
(C) बैकेलाइट (D) केवलर **[B]**

**व्याख्या**—नायलॉन 6 प्राप्त करने के लिए मोनोमर कैप्रोलैक्टम को पॉलिमाइज किया जाता है, नायलॉन 6 एक प्रकार के मोनोमर से बनाया जाता है, जिसे कैप्रोलैक्टम कहा जाता है, नायलॉन 6 मोनामर्स एडिपॉयल क्लोराइड एवं हेक्सामेथिलीन डायमाइन से बना है, इसका उपयोग मुख्य रूप से विनिर्माण में किया जाता है।

**2. शक्ति की भौतिक मात्रा की विमा ...........हैं।**

(A) $M^1L^2T^{-2}$ (B) $M^1L^2T^{-3}$
(C) $M^1L^3T^{-2}$ (D) $M^1L^3T^{-3}$ **[B]**

**व्याख्या**—शक्ति (p) की भौतिक मात्रा की विमा $M^1L^2T^{-3}$है, किसी भी भौतिक मात्रा के मापन में एक निश्चित बुनियादी मनमाने ढंग से चुने गए, अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत संदर्भ मानक ईकाई के साथ तुलना शामिल है, विमीय सूत्र एक गणितीय साधन है जिसका उपयोग भौतिक मात्रा की प्रकृति को अध्ययन करने के लिए किया जाता हैं विमीय सूत्र को द्रव्यमान, लंबाई एवं समय के संदर्भ में भौतिक मात्रा के व्यंजन के रूप में परिभाषित किया गया है।

**3. $CaSO_4.2H_2O$ .................. का रासायनिक सूत्र है।**

(A) एप्सम नमक (B) जिप्सम
(C) गंधक (D) क्वार्ट्ज **[B]**

**व्याख्या**—जिप्सम का रासायनिक सूत्र $CaSO_4$ $2H_2O$(कैल्शियम सल्फेट डाईहाइड्रेट) है, जिप्सम एक नरम सल्फेट खनिज है इसका उपयोग उर्वरक के रूप में किया जाता है, यह प्लास्टर के कई रूपों, ब्लैकबोर्ड चौक एवं वॉलबोर्ड का मुख्य घटक होता है।

**4. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ............ में स्थित है।**

(A) गोरखपुर (B) हस्तिनापुर (C) आजमगढ़ (D) मऊ **[A]**

**व्याख्या**—मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 1962 में स्थापित मदनमोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर को पुनर्गठित करने के बाद एक गैर-संबद्ध, शिक्षण और अनुसंधान विश्वविद्यायल के रुप में ''मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय'' की स्थापना की गई।

**5. उत्तर प्रदेश पुलिस के चिह्न में कौन-से जानवर का चित्र है?**

(A) मछली (B) गरुड़ (C) मोर (D) गैण्डा **[A]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश पुलिस के चिह्न में जुड़वां मछलियों को दर्शाया गया है जो एक माला से घिरी हुई है तथा भारत के प्रतीक के साथ है। नीचे की तरफ सेवा के शीर्षक की एक सज्जा पट्टी है।

**6. उत्तर प्रदेश लोक सभा में ...........सीटों का योगदान करता है।**

(A) 60 (B) 70 (C) 80 (D) 90 **[C]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश संसद में कुल 111 सीटों का योगदान करता है जिसमें लोकसभा की 80 सीटें तथा राज्यसभा की 31 सीटें सम्मिलित है। राज्य में विधानसभा सीटों की कुल संख्या 404 (403 निर्वाचित + 1 आंग्ल भारतीय समुदाय का मनोनीत सदस्य) है।

**7. माघ मेला................के दिन शुरू होता है।**

(A) मकर संक्रांति (B) वसंत पंचमी
(C) महा शिवरात्रि (D) अक्षय तृतीया **[A]**

**व्याख्या**—माघ मेला हिन्दुओं का सर्वाधिक प्रिय धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेला है। हिन्दू पंचांग के अनुसार यह मेला माघ महीने में मकर संक्रान्ति के दिन आयोजित होता है। यह मेला इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) के निकट प्रयाग में त्रिवेणी संगम (गंगा, यमुना एवं सरस्वती) के तट पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

**8. कवि संत कबीर का जन्म और पालन-पोषण किस शहर में हुआ था?**

(A) कानपुर (B) मथुरा (C) वाराणसी (D) अयोध्या **[C]**

**व्याख्या**—कवि संत कबीर का जन्म और पालन-पोषण वर्तमान उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में हुआ था। वे 15 वीं सदी के भारतीय रहस्यवादी कवि एवं संत थे। उनके लेखन ने हिन्दू धर्म के भक्ति आंदोलन को प्रभावित किया। उनकी प्रमुख रचनाएं साखी, शब्द एवं रमैनी थी। उनके छंद सिख धर्म के धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथसाहिब एवं संत गरीबदास के सतगुरु ग्रंथ साहिब में पाए जाते है।

**9. लखनऊ घराने की नींव उस्ताद ............. द्वारा रखी गई थी।**

(A) बड़े गुलाम अली खान (B) उस्ताद बक्शू खान
(C) बिस्मिल्ला खान (D) अमजद अली खान **[B]**

**व्याख्या**—लखनऊ घराने की नींव उस्ताद बक्शू खान द्वारा रखी गई थी। यह घराना भारत के प्रसिद्ध गायन घरानों में से एक है। लखनऊ घराना दिल्ली घराने से निकला है, यह घराना भाव, मनोदशाओं और भावनाओं की अभिव्यक्ति पर मजबूत जोर देता है।

**10. उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारिक ध्वज में दो रंग होते हैं, लाल और ..............।**

(A) हरा (B) नीला (C) पीला (D) नारंगी **[B]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारिक ध्वज में लाल और नीला दो रंग होते है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। उत्तर प्रदेश पुलिस

# 2018 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा
## (सॉल्वड पेपर : 26 अक्टूबर, 2018 • प्रथम पाली)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. ''कश्मीर दी वाजपेयी इयर्स'' नामक किताब के लेखक कौन है?**
(A) संजय जैन (B) ए.एस. दुलत
(C) आर. एन. पी. सिंह (D) वरुण यादव **[B]**

**व्याख्या**—''कश्मीर दी वाजपेयी ईयर्स'' नामक पुस्तक के लेखक ए.एस. दुलत है, यह पुस्तक समकालीन कश्मीर की कहानी को दर्शाती हैं। उल्लेखनीय है कि एस. दुलत ने 1988 से 1990 तक कश्मीर क्षेत्र में इंटेलिजेंस ब्यूरो में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्य किया। इन्होंने 2000 में अपनी सेवानिवृत्ति तक शोध और विश्लेषण विंग के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया।

**2. केन्द्रीय GST कानून को भारत के राष्ट्रपति ने कब सहमति प्रदान की है ?**
(A) 18 अप्रैल 2017 (B) 22 अप्रैल, 2017
(C) 5 अप्रैल, 2017 (D) 12 अप्रैल, 2017 **[D]**

**व्याख्या**—GST भारत में वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्माण, बिक्री और उपभोग पर अप्रत्यक्ष कर है। GST कानून को भारत के राष्ट्रपति ने 12 अप्रैल 2017 को स्वीकृति दी तथा यह भारत में 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ। उल्लेखनीय है कि GST को 101 वें संशोधन अधिनियम के रूप में पारित किया गया था।

**3. सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008, 27 अक्टूबर ......... को लागू हुआ।**
(A) 2009 (B) 2016
(C) 2001 (D) 2005 **[A]**

**व्याख्या**—सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 साइबर सुरक्षा पर अतिरिक्त ध्यान केन्द्रित करता है, इस अधिनियम में साइबर एवं डेटा संरक्षण जैसे अपराधों पर नए खण्ड जोड़े गए है। यह अधिनियम 5 फरवरी 2009 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के पश्चात् 27 अक्टूबर 2009 को लागू हुआ। उल्लेखनीय है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 को सूचना प्रौद्यौगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 के माध्यम से संशोधित किया गया है।

**4. ''एक जिला एक उत्पाद योजना'' के तहत ''हस्तनिर्मित कागज'' के उत्पादन के लिए उत्तर प्रदेश के ....... जिले को चुना गया है।**
(A) अमेठी (B) जालौन
(C) देवरिया (D) कुशीनगर **[B]**

**व्याख्या**—एक जिला, एक उत्पाद योजना सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार ने 24 जनवरी 2018 को शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी और विशेष उत्पादों और शिल्प को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत 'हस्तनिर्मित कागज' के उत्पादन के लिए जालौन जिले को चुना गया है। इस योजना के तहत अन्य प्रमुख उत्पादों के लिए जिलों की चयन सूची निम्न हैं—

| उत्पाद | | जिला |
|---|---|---|
| • मूंज उत्पाद | – | अमेठी |
| • कालीन (दरी) | – | भदोही |
| • सजावटी उत्पाद | – | देवरिया |
| • तरकाशी कला | – | मैनपुरी |
| • केला फाइबर उत्पाद | – | कुशीनगर |
| • लकड़ी का शिल्प | – | बस्ती |
| • टेराकोटा | – | गोरखपुर |
| • चर्म उत्पाद | – | आगरा |

**5. एशियाई खेल 2018 के डबल ट्रैप शूटिंग में रजत पदक विजेता 15 वर्षीय शार्दूल विहान उत्तर प्रदेश के ......... जिले से है।**
(A) बुलन्दशहर (B) अलीगढ़
(C) मेरठ (D) सहारनपुर **[C]**

**व्याख्या**—शार्दुल विहान एक भारतीय निशानेबाज है। इन्होंने 15 वर्ष की आयु में एशियाई खेल 2018 डबल ट्रैप शूटिंग में रजत पदक जीता। इन्होंने 73 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि विहान ने पुरुषों के डबल ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड में 141 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। शार्दुल का जन्म 11 जनवरी 2003 को मेरठ, उत्तरप्रदेश में हुआ।

**6. आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत जिन्हें अब उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है, ने वर्ष 1921 में अपनी राजधानी को .......... से लखनऊ में स्थानान्तरित किया था।**
(A) आगरा (B) देहरादून
(C) इलाहाबाद (D) कानपुर **[C]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश का गठन 01 अप्रैल 1937 को हुआ तब इसका नाम यूनाइटेड प्रोविन्स था। इसे राज्य का दर्जा 24 जनवरी 1950 को मिला। उल्लेखनीय है कि 1834 तक यह राज्य बंगाल रैजीडेन्सी के अधीन था। 1834 तक राज्य की राजधानी इलाहाबाद रही, लेकिन इसके बाद अंग्रेजो ने उत्तर पश्चिम प्रांत बनाते हुए नई राजधानी आगरा को बनाया। वर्ष 1858 में तत्कालीन वायसराय लार्ड कैनिंग ने इलाहाबाद को फिर से राज्य की राजधानी बनाया। वर्ष 1877 में इसे उत्तर पश्चिमी प्रांत और अवध के रूप में जाना जाने लगा। वर्ष 1902 में पूरे प्रांत को आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के रूप में जाना जाने लगा अंत में वर्ष 1921 में लखनऊ को राजधानी बनाया गया।

**7. गौतम बुद्ध की माँ देवदह राज्य के शासक के परिवार से थी, जो अब उत्तर प्रदेश के .......... जिले में है।**
(A) देवरिया (B) गोरखपुर (C) बस्ती (D) गोंडा **[A]**

# 2018 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा
## (सॉल्वड पेपर : 26 अक्टूबर, 2018 • द्वितीय पाली)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. निम्नलिखित दक्षिणी अमेरिकी राष्ट्रों मे से किसमें दक्षिणी अमेरिकी क्षेत्र का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है ?**

(A) गुयाना (B) ब्राजील (C) कोलम्बिया (D) इक्वेडोर **[B]**

**व्याख्या**—दक्षिणी अमेरिकी राष्ट्रों- गुयाना, ब्राजील, कोलम्बिया एवं इक्वेडोर में से ब्राजील में दक्षिणी अमेरिकी क्षेत्र का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है। ब्राजील के बड़े क्षेत्र में विभिन्न पारिस्थितिक तंत्र शामिल हैं जैसे की अमेजन वर्षावन जो दुनिया में सबसे बड़ी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। अमेजन वर्षावन में दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप का 40%हिस्सा शामिल है।

**2. निम्नलिखित में से प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है?**

(A) महानदी (B) गोदावरी (C) कृष्णा (D) कावेरी **[B]**

**व्याख्या**—प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी गोदावरी है, इसे वृहद् गंगा या दक्षिण गंगा भी कहा जाता है। यह नदी महाराष्ट्र के नासिक जिले के त्र्यंबक गाँव की पहाड़ी से निकलती है तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती है। गोदावरी की प्रमुख सहायक नदियाँ पेनगंगा, इन्द्रावती, प्राणहिता, मंजीरा, वैनगंगा एवं वर्धा है।

**3. संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को चिह्नित करने के लिए हर वर्ष किस तिथि को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है ?**

(A) 10 सितम्बर (B) 10 अक्टूबर
(C) 10 नवम्बर (D) 10 दिसम्बर **[D]**

**व्याख्या**—संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को चिन्हित करने के लिए प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस घोषणा को 1948 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के महत्व को समझने के लिए सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मूल्य आधारित दस्तावेज के रूप में अनुमोदित और घोषित किया गया था।

**4. जुलाई, 2018 में अमरनाथ मन्दिर की तीर्थ यात्रा करने वाले यात्रियों की सहायता के लिए सीआरपीएफ द्वारा शुरू किए गए मोबाइल सहायता केन्द्र का नाम क्या है ?**

(A) दोस्त (B) साथी (C) यात्री (D) मित्र **[B]**

**व्याख्या**—जुलाई 2018 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने अमरनाथ मंदिर की तीर्थ यात्रा करने वाले यात्रियों की सहायता के लिए एक मोबाइल सहायता केन्द्र 'साथी' लॉन्च किया। साथी पहल सीआरपीएफ (जम्मू सेक्टर) के महानिदेशक अभय वीर चौहान द्वारा शुरू किया की गई थी।

**5. अगले सात वर्षों के लिए निम्नलिखित देशों में से किसके साथ भारत ने अक्टूबर 2016 में अपनी व्यापार संधि को नवीनीकृत कर दिया है?**

(A) भूटान (B) म्यांमार (C) नेपाल (D) बांग्लादेश **[C]**

**व्याख्या**—अक्टूबर 2016 में भारत ने नेपाल के साथ अगले सात वर्षों के लिए व्यापार संधि को नवीनीकृत कर दिया है।

**6. एशियाई खेल 2018 में पदक तालिका में शीर्ष पर रहने वाले चीन ने कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**

(A) 102 (B) 112 (C) 122 (D) 132 **[D]**

**व्याख्या**—एशियाई खेल 2018 का आयोजन इण्डोनेशिया के जकार्ता और पालेमबाग शहरों में 18 अगस्त से 2 सितम्बर के बीच किया गया। इन खेलों की पदक तालिका में शीर्ष पर रहने वाले चीन ने कुल 289 पदक हासिल किए, जिसमें 132 स्वर्ण, 92 रजत तथा 65 कांस्य पदक शामिल है। इस पदक तालिका में भारत 8वें स्थान पर रहा तथा कुल 69 पदक (15 स्वर्ण, 24 रजत एवं 30 कांस्य) जीते।

**7. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय किस देश में स्थित है ?**

(A) नीदरलैण्ड (B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) यूनाइटेड किंगडम (D) जर्मनी **[A]**

**व्याख्या**—अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग है, जो हेग (नीदरलैंड) में स्थित है। इसकी स्थापना जून 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई और अप्रैल 1946 में काम शुरू किया। अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय संविधि में पाँच अध्याय तथा 70 अनुच्छेद है। इसमें न्यायाधीशों की संख्या 15 रखी गई है। इनकी नियुक्ति 9 वर्षों के लिए होती है।

**8. पेड़-पौधों में, निषेचन के बाद अंडाशय ....... परिवर्तित होता है**

(A) बीज में (B) पुंकेसर में (C) जायांग में (D) फल में **[D]**

**व्याख्या**—पेड़-पौधों में निषेचन के बाद अंडाशय फल में परिवर्तित होता है, बीजाण्ड बीज बनते हैं व युग्मजन भ्रूण में रूपांतरित हो जाता है। अंडाशय की भित्ति फल भित्ति बनाती है, जो भ्रूण व बीज को सुरक्षा प्रदान करती है।

**9. क्षतिग्रस्त सी. एफ. एल. और फ्लोरोसेंट ट्यूबों का निपटान सुरक्षित रूप से किया जाना चाहिए। क्योंकि इनमें ............वाष्प होती है, जो स्वभाव में जहरीली होती है।**

(A) अमोनिया की (B) सल्फर डाइऑक्साइड
(C) नाइट्रोजन डाइ ऑक्साइड (D) पारे की **[D]**

**व्याख्या**—क्षतिग्रस्त सी.एफ.एल. और फ्लोरोसेंट ट्यूबों का निपटान सुरक्षित रूप से किया जाना चाहिए क्योंकि इनमें पारे की वाष्प होती है,

# 2018 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा
## (सॉल्वड पेपर : 25 अक्टूबर, 2018)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. जकार्ता एशियाई खेल 2018 में शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले 16 वर्षीय सौरभ चौधरी, उत्तर प्रदेश के ........से सम्बन्धित हैं।**

(A) इलाहाबाद (B) गोरखपुर
(C) मेरठ (D) अलीगढ़ **[C]**

**व्याख्या**—सौरभ चौधरी एक भारतीय खेल निशानेबाज है। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कलिना गांव में रहने वाले 16 वर्षीय सौरभ चौधरी ने जकार्ता एशियाई खेल 2018 में 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जापान के निशोनबाज मत्सुदा को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ वह एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाला पांचवा भारतीय निशानेबाज बन गया।

**2. निम्न में से कौन-सी नदी यमुना नदी की सहायक नदी नहीं है?**

(A) केन (B) बेतवा (C) चंबल (D) कल्याणी **[D]**

**व्याख्या**—चंबल, बेतवा, केन, सिंध, साबी यमुना नदी की सहायक नदियाँ है जबकि कल्याणी यमुना की सहायक नदी नहीं है। कल्याणी नदी का उद्‌गम उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से होता है तथा यह उन्नाव में गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, फतेहपुर चौरासी आदि के गांवों से होते हुए गंगा में मिल जाती है।

**3. मृदा जिसमें मुख्य रूप से पोटाश की कमी है, उत्तर प्रदेश के .........जिले में पाई जाती है।**

(A) जौनपुर (B) बहराइच (C) बलरामपुर (D) गोंडा **[A]**

**व्याख्या**—मृदा जिसमें मुख्य रूप से पोटाश की कमी है, उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पाई जाती है। यहाँ मुख्य रूप से रेतीली, चिकनी बलुई मृदा पाई जाती है।

**4. उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला बुंदेलखंड क्षेत्र का हिस्सा है ?**

(A) चंदौली (B) औरया (C) महोबा (D) एटा **[C]**

**व्याख्या**—महोबा भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के महोबा जिले में स्थित एक प्राचीन शहर है, यह जिले का मुख्यालय भी है। महोबा ऐतिहासिक बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित है। यह बुन्देलखंड की प्राचीन राजधानी था। यहाँ का प्राचीन सूर्य मंदिर प्रसिद्ध है। उल्लेखनीय है कि बुन्देलखण्ड मध्यभारत का एक प्राचीन क्षेत्र है। इसका प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति है। इसका विस्तार उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में है।

**5. अशोक स्तम्भ में उत्कीर्ण किए हुए शेर का मुख, जिसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है, ............के संग्रहालय में संरक्षित है।**

(A) कुशीनगर (B) सारनाथ (C) कन्नौज (D) लुम्बिनी **[B]**

**व्याख्या**—अशोक स्तम्भ में उत्कीर्ण किए हुए शेर का मुख, जिसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है, सारनाथ के संग्रहालय में संरक्षित है। इसे 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में मान्यता दी गई थी। उल्लेखनीय है कि सारनाथ संग्रहालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का प्राचीनतम स्थल संग्रहालय है। यह सारनाथ, उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसमें बौद्ध मूर्तियों का विस्तृत संग्रह है।

**6. चंदेल शासन के दौरान उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र जीजक-भक्ति या जयहोटी के नाम से जाना जाता था ?**

(A) अवध (B) बुंदेलखंड (C) काशी (D) दो-आब **[B]**

**व्याख्या**—चंदेल शासन के दौरान उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र जीजक-भक्ति या जयहोटी के नाम से जाना जाता था। प्रतिहार साम्राज्य के बाद बुंदेलखंड की भूमि पर चंदेल वंश का स्वतंत्र राजनीतिक इतिहास प्रारंभ हुआ। इस वंश का संस्थापक नन्नुक था। प्रारम्भ में इसकी राजधानी कालिंजर (महोबा) थी। राजा छंग ने अपनी राजधानी कालिंजर से खजुराहो में स्थानान्तरित की थी। इस वंश का प्रथम स्वतंत्र एवं सबसे प्रतापी राजा यशोवर्मन था।

**7. उत्तर प्रदेश को महिलाओं से सम्बन्धित पहली पत्रिका ........1874 में प्रकाशित करने का भी श्रेय जाता है, जिसके सम्पादक भारतेंदु हरिश्चन्द्र थे।**

(A) बाल बोधिनी (B) सरस्वती
(C) सितारे हिन्द (D) उदंत मार्तण्ड **[A]**

**व्याख्या**—बाल बोधिनी पत्रिका का प्रकाशन जनवरी 1874 में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने प्रारंभ किया था। यह हिंदी मासिक पत्रिका बनारस से प्रकाशित होती थी। यह महिलाओं से संबंधित थी। हिंदी की पहली स्त्री-पत्रिका होने के नाते इसका साहित्यिक इतिहास में विशिष्ट महत्व है। 1874 से 1877 तक बाल बोधिनी का संपादन हरिश्चन्द्र ने किया बाद में इसका 'कविवचनसुध' में विलय हो गया।

**8. प्रसिद्ध सितार वादक नवाब इनायत खान उत्तर प्रदेश के ........ से सम्बन्धित थे।**

(A) एटा (B) इटावा (C) औरैया (D) फिरोजाबाद **[C]**

**व्याख्या**—प्रसिद्ध सितार वादक नवाब इनायत खान उत्तर प्रदेश के औरैया से संबंधित थे। इनायत खान को नाथसिंह के नाम से जाना जाता है। वे 20वीं सदी के पहले दशकों में भारत के सबसे प्रभावशाली सितार एवं सुरबहार वादकों में से एक थे।

**9. तीसरी बौद्ध परिषद् किस शहर में आयोजित की गयी थी ?**

(A) यागून (B) पाटलिपुत्र (C) वैशाली (D) राजगीर **[B]**

**व्याख्या**—तीसरी बौद्ध परिषद 250 ई. पूर्व में सम्राट अशोक के संरक्षण में पाटलिपुत्र में आयोजित की गई थी। मोग्गलिपुत्र तिस्स ने परिषद की अध्यक्षता की। उल्लेखनीय है कि प्रथम बौद्ध परिषद 483 ई. पूर्व में अजातशत्रु के शासनकाल में राजगृह में आयोजित की गई।

# 2018 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा
## (सॉल्वड पेपर : 19 जून, 2018)

### सामान्य ज्ञान (General Knowledge)

**1. उत्तर प्रदेश में पहली बार 1887 में प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' के सम्पादक कौन थे ?**
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) पद्मलाल पुन्नालाल बख्शी
(C) मदन मोहन मालवीय (D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र **[C]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश में पहली बार 1887 में प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' के सम्पादक पं. मदनमोहन मालवीय थे। हिन्दुस्तान एक भारतीय हिंदी भाषा का समाचार पत्र है जो हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड द्वारा प्रकाशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मदन मोहन मालवीय 'द लीडर' समाचार पत्र के संस्थापक भी थे, जो प्रयागराज से प्रकाशित एक प्रभावशाली अंग्रेजी समाचार पत्र था।

**2. उत्तर प्रदेश में किस वर्ष सभी सरकारी कार्यों के लिए हिन्दी का प्रयोग करना कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया गया था ?**
(A) 1947 (B) 1957 (C) 1968 (D) 1951 **[D]**

**व्याख्या**—उत्तर प्रदेश में वर्ष 1951 में सभी सरकारी कार्यों के लिए हिन्दी का प्रयोग करना कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया गया था। 1951 के राजभाषा अधिनियम के तहत हिन्दी उत्तर प्रदेश में राज्य प्रशासन की भाषा बन गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1989 में अधिनियम में एक संशोधन किया गया, जिसने उर्दू को राज्य की अतिरिक्त भाषा के रूप में जोड़ा गया था।

**3. निम्न में से अकबर के दरबार के मुख्य चित्रकार कौन थे ?**
(A) मीर मुसव्विर (B) दोस्त मुहम्मद
(C) दसवंत (D) इनमें से कोई नहीं **[C]**

**व्याख्या**—मुगल सम्राट अकबर का राज्याभिषेक 14 फरवरी 1556 ई. को पंजाब के कालानौर नामक स्थान पर हुआ। वह जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर बादशाही गाजी की उपाधि से राजसिंहासन पर बैठा। अकबर के समय के प्रमुख चित्रकार मीर सैय्यद अली, दसवंत, बसावन, ख्वाजा, अब्दुस्मद, मुकुंद आदि थे। आइने अकबरी में कुल 17 चित्रकारों का उल्लेख है। दसवंत द्वारा बनाए गए चित्र रज्मनामा नामक पांडुलिपि में मिलते हैं। अकबर ने चित्रकार दसवंत को साम्राज्य का अग्रणी कलाकार घोषित किया था।

**4. ..........फैजाबाद के एक प्रमुख संगीतकार थे,जिन्होंने शास्त्रीय संगीत में टप्पा शैली का विकास किया।**
(A) मुश्तरी बाई (B) खुशी महाराज
(C) मेहंदी खान (D) मियां गुलाम नबी शौरी **[D]**

**व्याख्या**—मियां गुलाब नबी शोरी हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के एक प्रमुख संगीतकार थे वह अवध के नवाब आसफ-उद-औला के दरबारी गायक थे इन्होंने शास्त्रीय संगीत में टप्पा शैली का विकास किया। अख्तरी बाई फैजाबाद की एक प्रमुख संगीतकार थी, जिन्हें बेगम अख्तर के नाम से जाना जाता है। इन्हें हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की सबसे महान गायिकाओं में से एक माना जाता है।

**5. निम्न में से बुन्देलखण्ड का लोकप्रिय लोक-गीत कौन-सा है?**
(A) बिरहा (B) आल्हा (C) रसिया (D) लंगुरिया **[B]**

**व्याख्या**—'आल्या' बुन्देलखण्ड का लोकप्रिय लोक-गीत है। यह गीत बुंदेली और अवधी भाषा में लिखे गए है। इन गीतों में बुन्देलखण्ड के दो भाइयों (आला और ऊदल) की वीरता की कहानियां कही जाती है। यह गीत मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड और बिहार व मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गाए जाते है। रसिया लोकप्रिय संगीत है, जो उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र से सम्बन्धित है।

**6. निम्न में से कौन-सी नदी भारत में ब्रह्मघाट पर करनाली नदी से जुड़ती है और घाघरा नदी बन जाती है ?**
(A) राप्ती (B) गंडक (C) शारदा (D) सरयू **[C]**

**व्याख्या**—शारदा नदी, जिसे कालीगंगा, महाकाली या काली नदी के नाम से भी जाना जाता है, का उद्गम कुमायूँ-हिमालय के मिलाम (Milam) हिमनद से होता है। यह नदी ब्रह्मघाट पर करनाली नदी से जुड़ती है और घाघरा नदी बन जाती है। इस नदी की लम्बाई 602 किमी. है। इसकी प्रमुख सहायक नदियां सर्मा, लिसार, सरयू या पूर्वी रामगंगा, चौकिया है।

**7. निम्न में से किस खनिज को ''पीला केक'' भी कहते हैं ?**
(A) प्लूटोनियम (B) यूरेनियम
(C) थोरियम (D) एल्युमिनियम **[B]**

**व्याख्या**—यूरेनियम खनिज को 'पीला केक' भी कहा जाता है। यूरेनियम संकेन्द्रित पाउडर यूरेनियम अयस्कों के प्रसंस्करण से प्राप्त होता है, जो संग्रहीत होने पर पीले केक के आकार और रंग जैसा दिखता है। यूरेनियम अयस्क, जिसमें कैल्साइट या डोलोमाइट जैसे बुनियादी खनिजों की पर्याप्त मात्रा होती है, को 0.5 से 1 मोलर सोडियम कार्बोनेट विलियन से निकाला जाता है। यूरेनियम का उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में किया जाता है।

**8. निम्न में से किस विख्यात व्यक्ति ने 2018 में भारत का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान प्राप्त किया ?**
(A) गुलाम मुस्तफा खान (B) शारदा सिन्हा
(C) एम. एस. धोनी (D) पंकज आडवाणी **[A]**

**व्याख्या**—गुलाम मुस्तफा खान (1931-2021) एक भारतीय शास्त्रीय संगीतकार थे, जो रामपुर-सहसवान घराने से संबंधित थे। इनका जन्म बदायूँ, उत्तर प्रदेश में हुआ। इन्हें वर्ष 1991 में पद्मश्री, 2006 में पद्मभूषण तथा वर्ष 2018 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

# 2020 U.P. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा
# जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी)
## (सॉल्वड पेपर : 20 दिसम्बर, 2020 • द्वितीय पाली)

### सामान्य हिन्दी

**1. राजेश जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना पर प्राप्त हुआ?**
(A) दो पक्तियों के बीच (B) नेपथ्य में हँसी
(C) मिट्टी का चेहरा (D) एक दिन बोलेंगे पेड़ **[A]**
**व्याख्या**—राजेश जोशी को 2002 में उनकी कविता **'दो पंक्तियों के बीच'** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।
इनके अन्य काव्य संग्रह हैं – एक दिन बोलेंगे पेड़, मिट्टी का चेहरा, नेपथ्य में हँसी।
✧ **इनको माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार, मध्य-प्रदेश शासन का शिखर सम्मान आदि पुरस्कार भी दिए गए हैं।**

**2. भोर, विहान, निशांत निम्नलिखित में से किसके पर्यायवाची शब्द है?**
(A) दिन (B) शाम (C) प्रभात (D) संध्या **[C]**
**व्याख्या**—**भोर, विहान, निशांत** आदि 'प्रभात' के पर्यायवाची हैं।
इसके अन्य पर्याय हैं – अरुणोदय, उषा, प्रातःकाल, अहर्मुख आदि।
**दिन** के पर्याय हैं – दिवस, वासर, वार
**शाम** के पर्याय हैं – संध्या, दिवसावसान, सायंकाल, निशारंभ, गोधूलि।

**3. कृत-प्रत्ययों के संयोग से बनने वाली क्रिया को क्या कहते है ?**
(A) सकर्मक (B) पूर्वकालिक
(C) कृदंत (D) नामधातु **[C]**
**व्याख्या**—कृत प्रत्ययों के संयोग से बनने वाली क्रिया कृदन्त कहलाती है। ये प्रत्यय क्रिया या धातु के बाद में प्रयुक्त होते हैं।
✧ **सकर्मक** – जिस क्रिया के कार्य का फल कर्म पर पड़े वह सकर्मक कहलाती है।
✧ **पूर्वकालिक क्रिया** – जब कर्ता एक कार्य को खत्म करके तुरन्त दूसरे कार्य में लग जाए तो उस समय पहले समाप्त हुई क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहा जाता है।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शब्द और उनके अनेकार्थक शब्दों की सही जोड़ी नहीं है ?**
(A) अंक-चिह्न भाग्य (B) कोट-किला, एक प्रकार का वस्त्र
(C) बलि-उपहार, कर (D) सर-श्रद्धेय, तालाब **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (D) **'सर-श्रद्धेय तालाब'** अनेकार्थक शब्दों की सही जोड़ी नहीं है। इसके **'सर'** और **'तालाब'** का अर्थ तो एक ही है परन्तु **'श्रद्धेय'** का अर्थ पूजनीय होता है।

**5. ''यहाँ पढ़ा नहीं जाता'' वाक्य में कौन-सा वाच्य प्रयुक्त हुआ है?**
(A) कर्मवाच्य (B) भाववाच्य
(C) कर्तृवाच्य (D) अवधिवाच्य **[A]**
**व्याख्या**—**'यहाँ पढ़ा नहीं जाता।'** वाक्य में कर्मवाच्य प्रयुक्त हुआ है।
✧ **कर्मवाच्य** – इसमें कहने का बिन्दु कर्ता न होकर कर्म होता है अर्थात् इसमें कर्म को केन्द्र में रखकर कथन किया जाता है। जैसे – **खाना लड़के द्वारा खाया जाता है।**

**6. व्याल, उरग, पन्नग निम्नलिखित में से किसके पर्यायवाची शब्द है?**
(A) भौंरा (B) हाथी (C) सियार (D) साँप **[D]**
**व्याख्या**—व्याल, उरग, पन्नग आदि साँप के पर्याय हैं। साँप के अन्य पर्याय हैं – अहि, नाग, भुजंग, विषधर, काल, सर्प, सरीसृप।

**7. निम्नलिखित में 'अमृत' का अनेकार्थक शब्द नहीं है –**
(A) स्वर्ण (B) पारा (C) दूध (D) मोती **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से अमृत का अनेकार्थक 'मोती' नहीं है।
**अमृत** के अनेकार्थक हैं – सोना, पारा, दूध
**मोती** के अनेकार्थक हैं – शंख, मछली एवं कमल

**8. निम्नलिखित में से सही वाक्य की पहचान कीजिए –**
(A) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(B) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
(C) श्रीकृष्ण को अनेकों नाम हैं।
(D) श्रीकृष्ण का अनेक नाम हैं। **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से सही वाक्य है – **''श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।''**


**9. निम्नलिखित वाक्य में आए खाली स्थान के लिए सही शब्द चुनिए- जिसने गुलाबी कमीज पहनी है, ................... नाम श्याम है।**
(A) जिसका (B) उसका (C) इसका (D) किसका **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से रिक्त स्थान हेतु चुना गया उपयुक्त शब्द है – **उसका**।
✧ पूर्ण वाक्य है – जिसने गुलाबी कमीज पहनी है – उसका नाम श्याम है। यहाँ पर **'उसका'** शब्द **संबंध वाचक सर्वनाम** का उदाहरण है।

**10. क्रिया का मूल रूप क्या कहलाता है ?**
(A) धातु (B) कर्म (C) उपसर्ग (D) प्रत्यय **[A]**
**व्याख्या**—**''क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है।''**

**11. ''मोक्षप्राप्त'' शब्द का समास विग्रह करने पर कौन-सी विभक्ति मिलती है?**
(A) के लिए (B) से (C) द्वारा (D) को **[D]**
**व्याख्या**—मोक्षप्राप्त का समास विग्रह है – **मोक्ष को प्राप्त** इसमें **'को'** चिह्न कर्म कारक का है। अतः इसमें कर्म तत्पुरुष समास होगा।


दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें



























# दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-734 | ₹ 180/-



इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु

**WWW.DAKSHBOOKS.COM**

पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★